मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर–दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 23 नवम्बर, 2000 (अग्रहायण 2,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख –

(1) श्री सी. सुब्रमणियम, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री; तथा
(2) श्री गुरुदेव गुप्त, भूतपूर्व सांसद.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री लालसिंह, नरेन्द्र बिरथरे, अजय विश्नोई, सदस्य, मुरैना में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामचरित्र, सदस्य, सीधी जिले के सिंगरौली एवं पंजरेह से अपहरण की घटित घटना की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री ग्यारसीलाल रावत, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का बारहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे–

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के बारहवें प्रतिवेदन से सहमत है".

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

डॉ. गोविन्द सिंह, राज्य मंत्री सहकारिता, मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी (पुनर्गठन और निर्माण) विधेयक, 2000 (क्रमांक 32 सन् 2000) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

निर्धारित समय

6. प्रतिवेदन पर चर्चा

3 घन्टे — मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के प्रथम प्रतिवेदन वर्ष 1996–97 की अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा.

7. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि. — प्रदेश में सड़कों की जर्जर हालत से उत्पन्न स्थिति के संबंध में डॉ. गौरीशंकर शेजवार, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री हरीशंकर जायसवाल तथा श्री अजय विश्नोई, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 22 नवम्बर, 2000

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.